# निवेश एवं रोजगार को लेकर दुबई दौरे के आएंगे बेहतर परिणाम, उद्योगपतियों से हुई सकारात्मक चर्चा : दुष्यंत

## सवाल किया : पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा अपनी अंतरात्मा से पूछे, कितने सदस्य उनकी टीम में बचे

**सवेरा ब्यूरो**

नई दिल्ली/चंडीगढ़, 7 अक्तूबर : उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि हरियाणा ने पिछले कई वर्षो में एविएशन क्षेत्र को विकसित करने के लिए खासा जोर दिया है। उन्होंने कहा कि नई औद्योगिक नीतियों में भी एविएशन पर फोकस किया गया है और हरियाणा द्वारा अलग से एयरोस्पेस एंड डिफेंस पॉलिसी लेकर आने जैसे कई बड़े कदम उठाए गए है। वे शुक्रवार को नई दिल्ली में देश में बेहतर तरीके से कार्गो के विकास को लेकर फाउंडेशन फॉर एविएशन एंड सस्टेनेबल टूरिज्म द्वारा आयोजित सेमिनार के बाद पत्रकारों से रूबरू थे। इस सेमिनार में केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह भी मौजूद रहे।



बैठक में भाग लेने के दौरान हरियाणा के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला। उनके साथ हैं केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह व अन्य गणमान्य।

उन्होंने कहा कि सेमिनार में उनके द्वारा हरियाणा की ओर से बात रखी गई और निवेशकों को हरियाणा में निवेश के लिए आमंत्रित किया गया कि वे आकर हिसार एविएशन हब में निवेश करें। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इसके अलावा प्रदेश में निवेश के लिए दुबई दौरे के दौरान कई निवेशकों से मुलाकात की गई थी। एविएशन और कार्गो ट्रांसपोर्टेशन क्षेत्र से जुड़े हुए लोग जैसे डीपी वर्ल्ड के चेयरमैन से सकारात्मक चर्चा हुई और उन्होंने इंडिया की ओर कदम बढ़ाने का वादा किया है। उपमुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि डीपी वर्ल्ड हिसार एविएशन हब में सहयोगी बनेगा।उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आज के सेमिनार और दुबई दौरे के एविएशन सेक्टर में कार्गो, डोर्न, एविएशन संबंधित कोर्स आदि के लिए बेहतर नतीजे आएंगे। इंडिया में वापस निवेश करने वाले बहुत सारे उद्योगपतियों को न्योता दिया गया है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि निवेशकों को 1080 एकड़ के ग्लोबल सिटी गुरु ग्राम प्रोजेक्ट में हिस्सेदारी करने का आग्रह किया है। सरकार ने निवेशकों से आग्रह किया कि वे इससे जुड़कर देश और प्रदेश की उननित एवं मॉर्डनाइज डेवलपमेंट में हरियाणा का हिस्सेदार बनकर आगे बढ़े। इसके अलावा ग्लोबल मार्किट के लिए प्रदेश के युवाओं का स्किल बढ़ाने को लेकर कई कंपनियों से चर्चा की गई है। डिप्टी सीएम ने उम्मीद जताई कि इसके लिए विश्वकर्मा स्किल डेवलेपमेंट यूनिवर्सिटी से टाईअप करके आगे बढ़ा जाएगा।

**सकारात्मक नतीजे आएंगे आदमपुर चुनाव के**

आदमपुर उपचुनाव को लेकर डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इसको लेकर पार्टी बैठक करेगी और निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि हर किसी पार्टी को हक है कि वे चुनाव मैदान में उतरे। आने वाले समय में सकारात्मक नतीजे आएंगे। एक अन्य सवाल के जवाब में डिप्टी सीएम ने कहा कि आदमपुर से कुलदीप बिश्नोई कांग्रेस छोड़कर गए थे, इसलिए पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को अपनी अंतरात्मा से पूछना चाहिए कि उनकी टीम में कितने सदस्य बचे है। खादी बोर्ड की चेयरमैनशिप में हुए फेरबदल के सवाल पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी विरोधी गतिविधि में भाग लेने के कारण यह कदम उठाया गया था। उन्होंने कहा कि किसी के पार्टी लाइन से हटकर चलने से संगठन नहीं चलता इसलिए पार्टी द्वारा दो बार उनको नोटिस भेजकर जवाब मांगा गया, इसके बाद जवाब न आने पर उनसे जिम्मेदारी वापस ली गई और आगे की कार्रवाई पार्टी के राष्ट्रीय और प्रदेश अध्यक्ष देखेंगे।

# डिप्टी सीएम ने नरवाना व उचाना ब्लाक में 10 लाइब्रेरियों किया का उद्घाटन

- **विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा ने प्रदेशाध्यक्ष से मिले दो नोटिस का नहीं दिया जवाब**

**सवेरा न्यूज/मनदीप**

नरवाना, 7 अक्तूबर : उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जन नायक चौधरी देवीलाल हमेशा ग्रामीण क्षेत्र में उन्नत शिक्षा के पक्षधर रहे। जन नायक का सपना था कि प्रत्येक ग्रामीण बच्चा अच्छी शिक्षा ग्रहण कर वर्तमान प्रतियोगी युग में आगे बढ़े। स्व. चौधरी देवीलाल के सपने को साकार करने के लिए मौजूदा राज्य सरकार निरन्तर प्रयासरत्त है और ग्रामीण स्तर पर शिक्षा सुधार के लिए ठोस नीति के तहत कार्य कर रही है। इसी दिशा में पहले चरण में प्रदेशभर में सरकार द्वारा 108 ग्रामीण पुस्तकालय बनाने का कार्य शुरू किया गया है। जन नायक चौधरी देवीलाल माडल लाइब्रेरी के नाम से इन सभी पुस्तकालयों का निर्माण 9 दिसम्बर तक पुरा कर लिया जाएगा। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने यह बात नरवाना के हरियल रेस्ट हाऊस में नरवाना तथा उचाना ब्लाक की 10 जन नायक चौधरी देवीलाल माडल लाइब्रेरी का उद्घाटन करने के उपरान्त व्यक्त किये। उन्होंने बताया कि नरवाना ब्लाक में अब तक खरल, बेलरखां, अमरगढ़, लोहचब तथा फूलिया कलां व उचाना ब्लाक में लोधर, मंगलपुर, खटकड़, बड़ौदा तथा बुडायन गांवों में करीब 50 लाख रुपए की लागत से इन लाइब्रेरी का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि आज के प्रतियोगी युग में ग्रामीण स्तर पर इन लाइब्रेरी के निर्माण से ग्रामीण आंचल के विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने शहीदों का सम्मान मौजूदा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, ऐसे वीर शहीद जिन्होंने देश की रक्षा के लिए सीमाओं पर अपने शहादत दी, उन्हें याद कर आने वाली पीढ़ी को आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में गौरवान्वित प्रेरणा दी जा रही है। उपमुख्यमंत्री ने इस अवसर पर जींद जिला के 21 वीर शहीदों के आश्रितों को प्रशस्ति पत्र एवं शाल भेंटकर सम्मानित भी किया।




हरियल रेस्ट हाऊस में नरवाना व उचाना ब्लाक में नवनिर्मित लाइब्रेरियों का उद्घााटन करते उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

इस अवसर पर श्रम एवं रोजगार मंत्री अनूप धानक, जुलाना विधायक अमरजीत ढाण्डा, जजपा प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. केसी बांगड़, चेयरमैन राजेन्द्र लितानी, पूर्व विधायक पिरथी नंबरदार, जिलाध्यक्ष कृष्ण राठी, जोरासिंह डूमरखां, नंदलाल शर्मा, मियां सिंह सिहाग, सुरेंद्र दातावाला, बिट्टू नैन, ईश्वर खरल, अमर लोहचब, जयभगवान अमरगढ़ आदि मौजूद रहे।

**विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा ने दो नोटिस को नहीं दिया जवाब : दुष्यंत**

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने पत्रकार वार्ता में कहा कि वे किसी हलके में भेदभाव नहीं रखते हैं। विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा द्वारा पार्टी गतिविधियों में भाग न नहीं लिया जाता था और विरोध किया जाता था। जिसके बाद पार्टी व पीएसी ने निर्णय लेकर उनको चेयरमैन पद से हटाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि राजेंद्र लितानी उन्हीं की खाप के सचिव रहे हैं, जोकि बाहर के नहीं है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कोई भी पार्टी विरोधी गतिविधियों में भाग लेगा, उसके विरुद्ध भी कारवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि संगठन ऐसे नहीं चलता है, बल्कि मजबूती से चलाया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह ने विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा को दो बार नोटिस दिये थे, लेकिन कोई जवाब नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा को पार्टी से निकालना भी पड़ जाये, तो कोई बड़ी बात नहीं है। उन्होंने पंचायत, जिला परिषद व ब्लाक समिति के चुनाव के बारे में कहा कि पार्टी संगठन जल्द बैठक कर निर्णय करेगा कि कैसे चुनाव को लड़ा जाए। वहीं जिला परिषद के सिंबल पर चुनाव लड़ने बारे कहा कि इसके बारे भी बैठक की जाएगी।

**अधिसूचना**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के करतार नगर मॉडल टाउन स्थित सीवर ट्रीटमेंट प्लांट (STP) परिसर में खड़े दो नीम के पेड़ों की खुली बोली दिनांक 12/10/2022 समय 2:00 बजे दोपहर उपमंडल अभियंता उपमंडल न. 5 के कार्यालय मॉडल टाउन अम्बाला शहर में की जायेगी। बोलीदाता किसी भी कार्य दिवस को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आकर शर्तें देख सकते हैं।**

**उपमंडल अभियन्ता**
**जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी उपमंडल न. 5, अम्बाला शहर।**

**उत्तर रेलवे**

**रेल कौशल विकास योजना प्रशिक्षण कार्यक्रम की संक्षिप्त सुचना**

रेल कौशल विकास योजना के अंतर्गत वर्ष 2022–23 के आगामी बैच (14 Batch Nov. 2022) के लिए उत्तर रेलवे रेलवे यांत्रिक कारखाना, अमृतसर (पंजाब) में नवयुवको/नवयुवतियो के लिए लघु अवधि (3 सप्ताह) प्रशिक्षण का आयोजन किया जाना है। इस प्रशिक्षण में केवल वेल्डिंग ट्रेड सम्मिलित है। इस प्रशिक्षण हेतु उपरोक्त ट्रेड में आई.टी.आई प्रमाण–पत्र धारक होना अनिवार्य नहीं है इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में वेल्डिंग ट्रेड में प्रति बैच 30 नवयुवको/नवयुवतियो को चयनित कर प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण शुल्क देय नहीं है, परन्तु प्रशिक्षणार्थियो को अपने रहने खाने की व्यवस्था स्वय करनी होगी।

**अर्हता** :– 1. हाई स्कूल उत्तीर्ण 2.उम्र 8–35 वर्ष।
3. आवदेन तिथि 07.10.2022 (00:00 बजे) से 21.10.2022 (00:00 बजे)

प्रशिक्षण हेतु आवेदन ऑनलाइन ही किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी प्रशिक्षण हेतु आवेदन एव विस्तृत जानकारी के लिए website **www.railkvy.indianrailways.gov.in** का अवलोकन करे। ऑफ़लाइन माध्यम द्वारा कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। यदि किसी आवेदनकर्ता को आवेदन भरने में कोई मुश्किल आ रही है तो वह निम्न मोबाइल नंबर 8288030720 श्री कुलविंदर राम मुख्य कार्यालय अधीक्षक स्थापना अनुभाग में कार्यालय समय में 09.15 से 17.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते है।

संख्या 844.ई/ई–1/आर.के.वी.वाई/भाग–4; दिनांक : 06.10.2022 2645/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# देशभक्तों के सिद्धांतों को भी अपनी जिन्दगी में करें आत्मसात : दुष्यंत चौटाला

**सवेरा न्यूज/मनदीप**

नरवाना : उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि भगवान वाल्मीकि के समाज उत्थान के प्रति प्रस्तावित सिद्धांत एवं आदर्श आज भी बराबर प्रासंगिक है। भगवान वाल्मीकि ने हमेशा गरीब कल्याण, सामाजिक समरस्ता एवं भाईचारा की मजबूती के लिए समाज में अपने संदेश एवं प्रवचन दिए। वाल्मीकि के मानवता के प्रति दिखाए रास्त पर चलकर हम सभी को समाज उत्थान एवं गरीब कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए। यही वाल्मीकि के प्रति सच्ची श्रद्धाजंलि होगी। वह भगवान वाल्मीकि भवन एवं छात्रावास में उनके प्रकट दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।



वाल्मीकि भवन एवं छात्रावास में आयोजित समारोह में उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का फूल–मालाओं से स्वागत करते वाल्मीकि समाज के लोग।

उन्होंने कहा कि महापुरुष एवं शहीद किसी जाति एवं धर्म के ना होकर पूरी मानवता के लिए प्रेरणा स्त्रोत होते हैं। महापुरुषों के बताए नियमों एवं मानदंडों को अपनाकर सम्पूर्ण समाज का समूचित विकास एवं कल्याण सम्भव है। सामाजिक कार्यों में प्रबुद्ध नागरिकों एवं सामाजिक संस्थाओं का महत्वपूर्ण भूमिका होती है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर देश के सभी नागरिकों को महापुरुषों के अलावा देशभक्तों के सिद्धांतों को भी अपनी जिन्दगी में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की आजादी में शहीदों एवं देशभक्तों का बलिदान हमेशा अविस्मरणीय रहेगा। उपमुख्यमंत्री ने समाज की मांग पर पंचायत चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद उनकी सभी मांगों पर सहानुभूति पूर्ण विचार करने का आश्वासन दिया। श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री अनूप धानक ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के गरीब उत्थान के सपने को साकार करने की दिशा में जन नायक स्वर्गीय चौधरी देवीलाल ने हमेशा कार्य किए। इस अवसर पर निशान सिंह, डा. केसी बांगड़, विधायक अमरजीत ढांडा, चेयरमैन राजेन्द्र लितानी, पूर्व विधायक पिरथी नम्बरदार, मियां सिंह सिहाग, सुरेंद्र दातावाला, सुमन बेदी, विशाल मिर्धा, बलवान दनौदा, रघबीर नैन, बिट्टू नैन, राजेंद्र परोचा, सुदन फौजी, पार्षद सत्यवान बेदी, मुकेश सुदकैन, संजय कालवन, विनोद डूमरखां आदि मौजूद रहे।

# योगेश कुमार को सौंपा आतिथ्य सत्कार विभाग के अतिरिक्त निदेशक का कार्यभार

चंडीगढ, 7 अक्तूबर (सवेरा ब्यूरो) : हरियाणा सरकार ने खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अतिरिक्त निदेशक ( प्रशासन ) एवं विशेष सचिव, परिवार पहचान प्राधिकरण, पंचकूला के अतिरिक्त सीईओ योगेश कुमार को उनके वर्तमान कार्यभार के साथ-साथ आतिथ्य सत्कार विभाग के अतिरिक्त निदेशक का कार्यभार भी सौंपा है ।

# जाट आरक्षण आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमों पर सरकार अपनी नीति और नीयत स्पष्ट करे : सर्व खाप

- **बोहर स्थित निजी बैकेट हॉल में कई जिलों के खाप प्रतिनिधियों की हुई बैठक, छह साल बीतने के बावजूद सरकार नहीं गंभीर**

**सवेरा न्यूज/ नवीन मलिक**

रोहतक, 7 अक्तूबर : जाट आरक्षण आंदोलन 2016 के दौरान सरकार द्वारा युवाओं पर दर्ज मुकदमों की वापसी पर चिंतन करने के लिए शुक्रवार को बोहर स्थित निजी बैकेट हॉल में रोहतक, सोनीपत और झज्जर जिलों की खापों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। सर्व खाप संयोजक चौधरी महेंद्र सिंह नान्दल ने कहा कि सरकार ने 22 फरवरी 2016 को रोहतक की पुलिस लाइन में हुए समझौते में यह स्पष्ट किया था कि युवाओं पर दर्ज मुकदमे बिना शर्त जल्दी वापस ले लिये जाएंगे, लेकिन उन बातों को लगभग 6 वर्ष बीत चुके हैं और बहुत से मुकदमे अब भी लंबित हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने निचली अदालतों ने जो मुकदमें खारिज कर दिए थे उन्हें भी हाईकोर्ट में अपील लगाकर दोबारा खोलने का काम किया है. ऐसे में सरकार की नियत और नीति में अंतर दिखाई दे रहा है। अगर इस विषय को सरकार ने जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो सर्व खाप पंचायत आंदोलन करने पर मजबूर होगी। साथ ही बैठक में सरकार से हिंदू विवाह कानून 1955 में 3जी फार्मूले के अनुसार गांव गोहांड और गोत्र को ध्यान में रखते हुए संशोधन करने की भी मांग की। सर्वखाप में कई बुद्धिजीवियों ने युवाओं में तेजी से फैल रहे नशे की आदत को चिंतनीय बताया और सोनीपत 360 खाप के संरक्षक अशोक खत्री ने इस पर कमेटियां बनाकर कार्य करने का आह्वान किया।



बोहर स्थित निजी बैकेट हाल में बैठक करते हुए विभिन्न खापों के प्रतिनिधि।

इस अवसर पर हरदीप अहलावत, भूप सिंह दलाल, दादा बलजीत सिंह मलिक, शिवधनदेशवाल, सुरेंद्र दहिया, रणधीर सिंह सरोहा, डा.ओमप्रकाश धनखड़, सतबीर अहलावत, वीरेंद्र कादयान, कदम अहलावत, मेहर सिंह नंबरदार, धर्मपाल हुडा, जल करण बल्हारा, सतवीर सिंह गहलावत, मान सिंह दलाल व कैप्टन जगबीर मलिक ने भी अपने विचार सांझा किए।

**फॉर्म जी**

**संपूर्ण भारत में विभिन्न स्थानों पर प्लास्टिक उत्पादों और ऑटो कंपोनेंट्स डिवीजनों में संचालित सिनटेक्स–बीएपीएल लिमिटेड के लिए रूचि की अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रण**

**भारतीय दीवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दीवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमन 2016 विनियमन 36ए (1) के तहत**

**प्रासंगिक विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सीआईएन के साथ कॉर्पोरेट देनदार का नाम | सिंटेक्स–बीएपीएल लिमिटेड यू 25199 जी जे2007 पी एल सी 051364 |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | अभिजीत–1, 7वाँ तल, मीठाखाली सिक्स रोड्स, एलिसब्रिज, अहमदाबाद, गुजरात–380006 |
| 3. | वेबसाइट का यूआरएल | http://www.sintexbapl.co.in/ |
| 4. | उस स्थान का विवरण जहां अचल संपति स्थित हैं | भारत में 12 विनिर्माण सुविधाएं हैं: (i) कलोल–पीपी डिवीजन, (ii) उलुबेड़िया – पीपी डिवीजन, (iii) नमक्कल – पीपी डिवीजन, (iv) नालागढ़–पीपी डिवीजन, (v) बुटीबोरी–पीपी डिवीजन, (vi) गुवाहाटी – पीपी डिवीजन, (vii) पुणे–आईसीएम डिवीजन, (viii) सोहना – आईसीएम डिवीजन, (ix) चेन्नई 1–आईसीएम डिवीजन (x) चेन्नई 2–आईसीएम डिवीजन, (xi) पीतमपुरा – आईसीएम डिवीजन, (xii) होसुर – आईसीएम डिवीजन। कॉर्पोरेट देनदार के बारे में और विवरण "टीज़र" में भी उल्लिखित हैं वेबसाइट http://www.sintexbapl.co.in/ पर अपलोड किया गया |
| 5. | मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता | (see below) |
| 6. | पिछले वितीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य | (see below) |
| 7. | कर्मचारियों/कार्मिकों की संख्या | (see below) |
| 8. | दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वितीय विवरण (अनुसूची के साथ), लेनदारों की सूची, प्रक्रिया की बाद की घटनाओं के लिए प्रासंगिक तिथियां सहित अधिक विवरण यहां उपलब्ध है: | http://www.sintexbapl.co.in/ पर CIRP टैब देखें या RP.SintexBAPL@IN.GT.COM पर एक ईमेल भेजें। |
| 9. | संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यहां उपलब्ध है: | http://www.sintexbapl.co.in/ पर CIRP टैब के अंतर्गत उपलब्ध रुचि की अभिव्यक्ति (EOI) प्रक्रिया दस्तावेज़ देखें या RP.SintexBAPL@IN.GT.COM पर एक ईमेल भेजें। |
| 10. | रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 14 अक्टूबर 2022* |
| 11. | भावी प्रस्ताव आवेदकों की प्रोवीजनल लिस्ट जारी होने की तिथि | 24 अक्टूबर 2022* |
| 12. | अंतिम सूची पर आपत्तियां जमा करने की अंतिम तिथि | 29 अक्टूबर 2022* |
| 13. | ईओआई जमा करने के लिए ईमेल आईडी की प्रक्रिया करें | RP.SintexBAPL@IN.GT.COM |

5. मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता

प्लास्टिक उत्पाद डिवीजन

| खंड | एमटी में वार्षिक संयंत्र क्षमता (मिक्स एसकेयू) |
|---|---|
| प्लास्टिक अनुभाग (पीएस) | 9,360 |
| शीट मोल्डेड कंपाउंड (एसएमसी) | 11,232 |
| फाइबर–प्रबलित प्लास्टिक (एफआरपी) | 1,200 |
| रोटो मोल्डिंग | 32,556 |
| ब्लो मोल्डिंग (बीएमसी) | 15,036 |
| कुल | 69,384 |

भारतीय कस्टम मोल्डिंग (ऑटो) डिवीजन

| खंड | एमटी में वार्षिक संयंत्र क्षमता (मिक्स एसकेयू) |
|---|---|
| ब्लो मोल्डिंग | 2,699 |
| इंजेक्शन मोल्डिंग | 12,628 |
| थर्मोसेट्स | 174 |
| कुल | 15,502 |

नोट : क्षमता और क्षमता उपयोग की गणना प्रौद्योगिकी, मशीनों, उत्पादों और उत्पाद आकार मिश्रण के आधार पर की जाती है। मिश्रण में कोई भी परिवर्तन, क्षमता और क्षमता उपयोग में परिवर्तन का परिणाम होगा।

6. पिछले वितीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य

प्लास्टिक उत्पाद डिवीजन — वितीय वर्ष 22

| मुख्य उत्पाद समूह | शुद्ध मात्रा एमटी में | मूल्य (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|
| पानी की टंकी (रोटो और बीएमसी) | 13,346 | 353 |
| एसएमसी और एफआरपी | 3,251 | 95 |

भारतीय कस्टम मोल्डिंग (ऑटो) डिवीजन — वितीय वर्ष 22

| मुख्य उत्पाद समूह | शुद्ध मात्रा एमटी में | मूल्य (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|
| इंजेक्शन मोल्डिंग | 10,435 | 227.70 |

नोट: चूंकि अलग–अलग उत्पाद एसकेयू की माप की अलग–अलग इकाई होती है, इसलिए, उपरोक्त आंतरिक कार्य रूपांतरण कारक के अनुसार कंपनी की टीम के अनुमानों पर आधारित है।
नोट : कुल बिक्री में 10% या अधिक योगदान करने वाले उत्पाद पर विचार किया गया है।

7. कर्मचारियों/कार्मिकों की संख्या — 31 अगस्त 2022 के अनुसार

| डिवीजन | नंबर* |
|---|---|
| प्लास्टिक उत्पाद | 1,807 |
| भारतीय कस्टम मोल्डिंग (ऑटो) | 1,231 |

*नोट: कर्मचारियों, स्थायी कामगारों और संविदा कर्मियों

*सीओसी द्वारा पुष्टि के विषयाधीन

नोट : उपरोक्त संशोधित समय–सारिणी सीआईआरपी समय–सीमा से निश्चित समय के निषेध के विषयाधीन होगी, यदि निर्णायक प्राधिकारी द्वारा प्रदान की जाती है।
नोट : संभावित समाधान आवेदक जिन्होंने आरपी द्वारा प्रकाशित फॉर्म–जी दिनांक 22 सितंबर 2022 के अनुसार अपना ईओआई जमा किया था, उन्हें नए ईओआई जमा करने की आवश्यकता नहीं है।

हस्ता/–
आशीष छावछरिया
(आईबीबीआई/आईपीए–001/आईपी–पी00294/2017–18/10538)
सिंटेक्स–बीएपीएल लिमिटेड के लिए समाधान पेशेवर
ई: RP.SintexBAPL@in.gt.com
आईबीबीआई के साथ पंजीकृत:
ग्रांट थॉर्नटन, 10सी हंगरफोर्ड स्ट्रीट, कोलकाता–700017, पश्चिम बंगाल
ई: Ashish.Chhawchharia@in.gt.com

दिनांक: 07 अक्टूबर, 2022
स्थान: अहमदाबाद

# फसल खरीद के इंतजाम फेल, किसान परेशान : कुमारी सैलजा

- **बाजरे का अचानक नया शैड्यूल बनाना किसानों को परेशानी में डालने वाला कदम**

**सवेरा ब्यूरो**

चंडीगढ़, 7 अक्तूबर : कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि गठबंधन सरकार खरीफ फसलों की खरीद के मामले में बुरी तरह फेल साबित हुई है। मंडियों में जो हल्के-फुल्के इंतजाम किए गए थे, वे सब फेल हो चुके हैं। बाजरे का अचानक से नया शैड्यूल बनाना किसानों के लिए दिक्कत खड़ी करने वाला साबित हुआ। धान की आवक से मंडिया फुल हो चुकी हैं। उठान न होने से धान की खरीद प्रभावित हो रही है।



कुमारी सैलजा

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश सरकार जब 1 अक्तूबर से खरीद करने का फैसला ले चुकी थी तो फिर मंडियों में उसी हिसाब से तैयारी नहीं की गई। खरीद की शुरुआत के 6 दिन में ही मंडियों में की गई व्यवस्था दम तोड़ चुकी है। न तो प्रदेश सरकार की ओर से फसल खरीद के लिए जिलों में तैनात किए गए अधिकारी मंडियों का दौरा कर रहे हैं। न ही सरकार का कोई मंत्री मंडियों में जाकर परेशान किसानों का सामना करने की हिम्मत जुटा पा रहा है। मंडियों में चारों ओर धान ही धान की ढेरियां लगी हैं। कुछ जगह बारदाने की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जबकि पूरे प्रदेश में उठान की रफ्तार बिल्कुल सुस्त है। इससे किसानों को पूरा-पूरा दिन अपनी ट्रॉली मंडी के गेट पर खड़ी करनी पड़ रही है।कुमारी सैलजा ने कहा कि बारदाने और मंडी से फसल के उठान की व्यवस्था खरीद का कार्य शुरू होने से पहले ही बनानी होती है। लेकिन, किसानों को परेशान करने की नीयत से अभी तक इस दिशा में ठोस कदम गठबंधन सरकार ने नहीं उठाए हैं। इससे राज्य सरकार का किसान विरोधी चेहरा एक बार फिर उजागर हो रहा है। उन्होंने कहा कि कभी फसल में बीमारी तो कभी मौसम की मार से किसान पहले ही परेशान है। ऐसे में प्रदेश सरकार को संवेदनशीलता दिखाते हुए फसल खरीद के इस तरह के इंतजाम करने चाहिए, ताकि उन्हें किसी तरह की दिक्कत न हो।

मैं रोशन लाल मैहला पुत्र श्री हरिकेश मकान नंबर 672 सेक्टर 7 जिला कुरुक्षेत्र ब्यान करता हूं कि Allotment Letter, Occupation Certificate, Possession Certificate, Approval Building Plan Letter, Sanction Site Plan & Conveyance deed no 299 dt. 29.04.1993 जोकि दिनांक 20.09.2022 समय 2:20 PM पर सेक्टर 7 मार्केट कुरुक्षेत्र के आसपास गुम हो गई है जिस किसी को मिले उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

**खोया-पाया**

मैं अरुण कुमार सुपुत्र अर्जुन दास निवासी मकान नं. 317 हांसी रोड़, जीवन नगर जिला करनाल सूचित करता हूं कि मेरी कन्वेंस डीड सेल डीड नं. 12249/1 जोकि 03.03.2015 ( प्रीवियस ऑनर श्री कशमीरी लाल सुपुत्र श्री सतपाल ) और अल्फा सिटी प्लाट बॉयर्स एग्रीमेंट प्लाट नंबर 425 दिनाक 26.12.2011 पिछ्ला मालिक कश्मीरी लाल अल्फा जी कोर्प डिवलेपमेंट प्राईवेट लिमिटेड दिनांक 02.10.2022 को हांसी चौक करनाल में गुम हो गई है। जिसकी मैंने काफी तलाश की लेकिन नहीं मिली। जिसे भी मिले तो वह उपरोक्त पते पर व फोन नं. 90342-23054 पर सूचित करें। इस बाबत मैंने डी.डी.आर करवा दी है जिसका नं. 132310512201828 है।

**कार्यालय तहसीलदार, अम्बाला शहर**

इस पब्लिक नोटिस के मार्फत जन-साधारण को सूचित किया जाता है कि संजय सिंह निवासी 2145 , काजीवाड़ा अम्बाला शहर से मृतक स्वर्गीय सुमन कानूनी वारिस की रिपोर्ट जारी करने हेतू एक प्रार्थना पत्र इस कार्यालय में प्राप्त हुआ है। प्रार्थी के प्रार्थना पत्र व सलंग्न हल्फनामों व रिपोर्ट नगर पार्षद व अधीक्षक नगर निगम, अम्बाला अनुसार मृतक सुमन के निम्नलिखित प्राकृतिक वारिस है : 1 संजय सिंह- पति 2. मोहित सिंह - पुत्र 3. खुशी - पुत्री यदि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह तहसीलदार, अम्बाला शहर के कार्यालय में पब्लिकेशन के 30 दिन के अंदर-2 आपत्ति दर्ज करवा सकता है।

तहसीलदार, अम्बाला शहर

**सार्वजनिक सूचना**

जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किल 1. श्रीमती अंजू पुत्री दलजीत पुत्र श्री रघुनाथ निवासी भारतीय कॉलोनी सोनीपत 2. श्रीमती रीना पत्नी श्री जयपाल पुत्र श्री लखमी चंद निवासी पुलिस लाइन, सेक्टर–26 ,चंडीगढ़ के मूल दस्तावेज दिनांक 14/07/2022 को, मूल बिक्री विलेख संख्या 11814 दिनांक 22/01/2020, 75 वर्ग गज, यानी 1 बिस्वा –10 बिसवांसी, कुल भूमि का 1/64 हिस्सा 4 बीघा– 16 बिस्वा, खेवत नं. 677, खाता नंबर 761, वाका रकबा पट्टी मुसलमानन में स्थित, आबादी शिव कॉलोनी, सोनीपत के भीतर एमसी सीमा सोनीपत, तहसील और जिला सोनीपत के भीतर स्थित खो गया है। जिसे मेरे मुवक्किल ने श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री राजेंद्र सिंह पुत्र श्री मोजीराम से खरीदा था और मूल दस्तावेज भी उनके द्वारा प्राप्त किए गए थे। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त दस्तावेज/सूचना/कब्जा/ज्ञान प्राप्त हुआ है तो उक्त दस्तावेज परवीन राठी (एडवोकेट) चैंबर नं. 247-249, ब्लाक-एच, जिला न्यायालय, सोनीपत। मो. -9813380300

# रेवाडी में पोटाश फटने से युवक की मौत, 2 बच्चे गंभीर

**सवेरा न्यूज**

रेवाड़ी, 7 अक्तूबर : रेवाड़ी में तेज धमाके के साथ पोटाश फटने से जहां एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं 2 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने पोटाश बेचने वाले दुकानदार और खरीदकर लाने वाले नाबालिग बच्चे के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। हादसे में 2 बच्चे भी घायल हुए हैं।

जानकारी के अनुसार औद्योगिक कस्बा धारूहेड़ा के कमला नगर निवासी 30 वर्षीय राजू बीती शाम अपनी पत्नी डोली को दिखाने के लिए गांव खरखडा में एक दाई के पास लेकर आया था। घर पर दाई नहीं थी, इसलिये वह दोनों घर में ही बैठ गए। आरोप है कि उस वक्त दाई का नाबालिग पोता घर में पोटाश का पाऊडर बनाने के लिए उसे कूट रहा था। उसके साथ एक और बच्चा बैठा भी हुआ था। इसी दौरान बच्चे ने राजू को पोटाश कूटने के लिए दे दिया। जैसे ही राजू ने पोटाश कूटा जोरदार धमाका हो गया।

धमाके में राजू गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दोनों बच्चे भी बुरी तरह जख्मी हो गए। तीनों को तुरंत रेवाड़ी स्थित ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां से राजू की हालत गंभीर होने पर उसे रोहतक रेफर कर दिया गया। जहां आज उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई भीम सिंह की शिकायत पर धारूहेड़ा थाना पुलिस ने पोटाश बेचने वाले व बच्चे के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर दिया है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

**हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड**
(कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत पंजीकृत)
प्लाट नं. 101, सैक्टर-12, पंचकूला
वैबसाइट : hkrnl.itiharyana.gov.in

**FILLING UP OF VACANT POSTS ON CONTRACTUAL BASIS**

Applications are invited for deployment of contractual manpower on the job role of PGT (Post Graduate Teachers) on the portal of Haryana Kaushal Rozgar Nigam Limited as per the following details:-

| Sr. No. | Designation | Qualification | Remuneration | No. of Post |
|---|---|---|---|---|
| 1. | PGT BIOLOGY | Visit website for qualification requirements @ https://hkrnl.itiharyana.gov.in/ | As per Nigam wages. | 119 |
| 2. | PGT COMMERCE | Visit website for qualification requirements @ https://hkrnl.itiharyana.gov.in/ | As per Nigam wages. | 107 |
| 3. | PGT ECONOMICS | Visit website for qualification requirements @ https://hkrnl.itiharyana.gov.in/ | As per Nigam wages. | 99 |
| 4. | PGT HINDI | Visit website for qualification requirements @ https://hkrnl.itiharyana.gov.in/ | As per Nigam wages. | 83 |
| 5. | PGT HISTORY | Visit website for qualification requirements @ https://hkrnl.itiharyana.gov.in/ | As per Nigam wages. | 150 |
| 6. | PGT MATHEMATICS | Visit website for qualification requirements @ https://hkrnl.itiharyana.gov.in/ | As per Nigam wages. | 161 |
| 7. | PGT POLITICAL SCIENCE | Visit website for qualification requirements @ https://hkrnl.itiharyana.gov.in/ | As per Nigam wages. | 140 |
| 8. | PGT SANSKRIT | Visit website for qualification requirements @ https://hkrnl.itiharyana.gov.in/ | As per Nigam wages. | 226 |

It is brought to the notice that the shortlisting of the candidates shall be made as per the Para 8.2 to 8.8 of the Deployment of Contractual Persons Policy-2022 of Govt. of Haryana, dated 30.06.2022 along with combination of Annexure A for calculation of scoring matrix for Selection Processer. For Details Visit the website @ https://hkrnl.itiharyana.gov.in/
Interested and eligible candidates can apply through online mode only. The link of applying the post is available at hkrnl.itiharyana.gov.in.
Note:
1. The hardcopy of the application shall not be entertained and will be rejected summarily.
2. For last date Visit the website @ https://hkrnl.itiharyana.gov.in/
3. The No. of vacancy can vary as per Dept. Requirement.

Dated: 07.10.2022

मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड

DPR (HRY) 2254/11/12/2023/13182/608/6